तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 स्तनपान केवल प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, शिशु के संपूर्ण विकास...



12 हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में नपाध्यक्ष व पार्षदों ने डिवायडरों ...



## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी की बाइक चोरी

**महासुंद।** बसना के बाजार से एक रिटायर्ड पुलिस कर्मी की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को गेर्राभांठा निवासी लक्ष्मण कुमार भोई ने बताया कि वह 12 जुलाई को अपने रिश्तेदार प्रफुल्ल कुमार साहू निवासी चट्टीगिरोला थाना सरायपाली के मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी06जीएच3717 को लेकर बसना के बाजार आया था, जहां रामलाल डडसेना के ठेला के पास बाइक को खड़ी किया था। बाजार से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बंधक श्रम उन्मूलन के लिए सतर्कता समिति गठित

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व महासमुंद अंतर्गत बंधक श्रम पद्धति (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के तहत बंधुआ श्रम की रोकथाम, निगरानी और पुनर्वास कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जिला स्तरीय सतर्कता समिति का गठन किया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा निर्देशित अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति सदस्य के रूप में जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण विकास से जुड़े शासकीय विभाग के प्रतिनिधि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, एवं प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक शामिल है तथा श्रम पदाधिकारी सदस्य सचिव होंगे।
सतर्कता समिति द्वारा निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्तता के दृष्टिगत समिति सर्वेक्षण के दौरान विशेष ध्यान और अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन की दशा में कारवाई की जाएगी। जिले में बंधुआ श्रम की पहचान, मुक्ति और पुनर्वास की के लिए व्यवस्था करेंगे।

# प्रशासन से मिली अनुमति, जेल में कैद भाई अब बहनों के साथ मना सकेंगे रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जेल की सलाखों के पीछे बंदी भाईयों की कलाईयां सूनी नही रहेंगी। जेल में ही अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं। पिछले साल की तरह इस साल भी सलाखों के पीछे कैद भाई अपनी बहनों के साथ धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मना सकेंगे। इसके लिए नियम भी लागू किया गया है। साथ ही सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। दरअसल, रक्षाबंधन के पर्व पर जेलों में भारी भीड़ होने की वजह से नियमों का उल्लंघन होता है। जेल में लगी भीड़ को नियंत्रित करने में जेल प्रशासन के पसीने छूट जाते हैं। ऐसे में नियम भी लागू किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहेंगे। त्यौहार को देखते हुए जेल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी। सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं भी की जा रही है। जेल मुख्यालय ने जेल में रक्षा बंधन त्यौहार का आयोजन की अनुमति दे दी है। इसके बाद से तैयारियां शुरू हो गई है। कैदियों को राखी बांधने के लिए आने वाली उनकी बहनों और स्वजनों की संख्या, आयोजन पर होने वाले व्यय, सुरक्षा की व्यवस्था को ध्यान में रखा गया है। अपने भाइयों के लिए बहनों को 100 ग्राम सूखी मिठाई और राखी लाने की अनुमति है। सूखी मिठाई और राखी की जांच के बाद ही बहनों को जेल अंदर जाने की अनुमति है, बिना जांच के अंदर नहीं जा सकते।

**खास बातें**

- जांच के बाद ही 100 ग्राम मिठाई ले जाने की है अनुमति
- पूजा के लिए जेल प्रशासन उपलब्ध कराया थाली और अन्य सामग्री
- जांच के बाद जेल अंदर जाने की मिलेगी अनुमति

## पर्व के लिए नियम लागू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए

### केवल तीन लोग ही मिल सकेंगे

इस दिन सिर्फ प्रत्येक कैदी के केवल तीन बहन या स्वजन ही जेल में मिल सकेंगे। मिलने का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है। बहनें जेल के बरामदे में अपने भाईयों को राखी बांधेंगी। जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा ने बताया कि इसके लिए जेल प्रबंधन के द्वारा व्यवस्था की गई है।



### मिठाई ले जाने के लिए भी नियम

परिजन 100 ग्राम तक सूखी मिठाई सूखी ले जा सकते हैं। लेकिन, पका हुआ खाना ले जाने की इजाजत नहीं है। पूजा का थाल जेल प्रशासन देगा जिसमें हल्दी, कुमकुम और चावल होगा। लेकिन, राखी परिजन को स्वयं लानी होगी।

## सफलता : बाइक चोर गिरोह पर महासमुंद पुलिस ने की कार्रवाई

# चोरी की तीन मोटर साइकिल के साथ 6 आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सक्रिय मोटर साइकिल चोर गिरोह को महासमुंद पुलिस ने पकड़ने में सफलता मिली है। इस मामले में 6 लोगों से लाखों की विभिन्न कंपनियों की मोटर साइकिल जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार पुष्पलता बेहरा पति अमृतलाल बेहरा (40 वर्ष) गढ़पटनी थाना बसना हाल निवास कुटेला पठार थाना सरायपाली में रिपोर्ट दर्ज कराई की प्रार्थिया की मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजी 4413 को उसका बेटा चलाता है, जिसे घर के सामने खड़ी घर अंदर चला गया था जो सुबह करीब 6 बजे उक्त मोटरसाइकिल को देखा तो मोटरसाइकिल वहां पर नहीं था जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया तथा प्रार्थी भोजराम साहू पिता मालिक राम साहू (35 वर्ष) ग्राम पलसापाली (अमरकोट) थाना सरायपाली रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोटरसाइकिल होंडा सीबी साइन क्रमांक सीजी 06 जीजे 2091 को हमेशा की तरह रात में ही हैंडल लॉक कर घर पर ही रखता हूं, अपनी मोटरसाइकिल को हैंडल लॉक कर घर अंदर रखा था कि सुबह 5 उठकर देखा तो मेरा मोटरसाइकिल घर पर नहीं था आसपास पता तलाश किया नहीं मिलने पर उक्त मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सरायपाली में धारा 331(4) 305 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया



### तीन बाइक की कीमत दो लाख से अधिक

पुलिस टीम द्वारा और लगातार पूछताछ करने पर 2 अन्य आरोपियों द्वारा बाजारपारा में चोरी का मोटर साइकिल बेचने की जानकारी मिलने पर आरोपी भूपेश नंद पिता राजेंद्र प्रसाद नंद (23 वर्ष) अर्जुंदा थाना सरायपाली एवं भोजराज हीरा पिता बसंत हीरा (20 वर्ष) ग्राम खैरमाल थाना सरायपाली जिला महासमुंद के कब्जे से मोटरसाइकिल होंडा साइन क्रमांक सीजी 06, 2091 को बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 3 नग मोटर साइकिल, कीमत 2,10,000 रुपए जब्त कर थाना सरायपाली में अपराध धारा 303(2), 331(4), 305 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के उक्त मोटर साइकिल चोरी के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति कुटेला चौक एवं जोगिनीपाली के पास मोटर साइकिल बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा मौका पहुंचकर गकुटेला चौक एवं जोगिनीपाली के पास बताए हुलिया के 02 संदेही व्यक्तियों से टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल नंद पिता विपिन नंद (24 वर्ष) अर्जुंडा थाना सरायपाली, भूपेश प्रधान पिता लोकनाथ प्रधान (21 वर्ष) ठाकुरपाली थाना बसना का होना बताएं। जिनके पास से मोटर साइकिल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीएफ 4413 को बरामद किया गया। इसी तरह शंकर सराफ पिता लिंगराज सराफ (18 वर्ष) तोरेसिंहा थाना सरायपाली, आकाश नंद पिता विजय आनंद (23 वर्ष) वार्ड नंबर 13 गढ़फुलझर थाना बसना जिला महासमुंद के पास रखे मोटर साइकिल बजाज पल्सर 125 सीजी 06 एचबी 7768 पाया गया।

# प्रतिबंध के बाद भी उपयोग में लाए जा रहे सिंगल यूज पॉलीथिन

## पर्यावरण के लिए बना खतरा, खुलेआम हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर एवं ग्रामीण इलाकों के बाजारों एवं दुकानों में प्रतिबंध के बाद भी सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग लगातार किया जा रहा है। ये पॉलीथिन पर्यावरण के लिए नुकसान दायक है फिर भी लोग इसका उपयोग करने में नही कतराते हैं। जुलाई 2022 से सिंगल यूज पॉलीथिन उपयोग और बिक्री पर बैन लग



चुका है। लेकिन, इसका धड़ल्ले से शहर में उपयोग हो रहा है।

तीन साल बाद भी शहर में पॉलीथिन पर प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया जा सका है। नतीजा रोजाना शहर से निकलने वाले कचरे में बड़ी मात्रा पॉलीथिन और डिस्पोजल शामिल है। इस पर नियंत्रण को लेकर कोई पहल नहीं हो रही है। इस कारण व्यापारी और ग्राहक पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कैरी बैग का उपयोग सब्जी मंडियों में होता है। शहर के कई हिस्सों में प्लास्टिक का ढेर बढ़ता जा रहा है। गांव के दुकानदार बड़े दुकानदारों से ही पॉलीथिन की खरीदी करते हैं, लेकिन प्रशासन की टीम को जांचने की फुर्सत नहीं है। जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राज्य की एजेंसियों को प्लॉस्टिक उपयोग को रोकने सख्त निर्देश दिए है। उल्लंघन पर 5 साल की जेल या एक लाख रुपए जुर्माना का नियम है।

### पॉलीथिन के बदले कई विकल्प मौजूद

पॉलीथिन का सबसे बेहतर विकल्प है कपड़ों से बनाए गए थैले। इसके अलावा कागज के थैले हैं जिस पर किसी प्रकार का प्रिंट न हो। जूट के थैले, नायलॉन, कैरी बैग जैसे प्रोडक्ट कम लागत में छोटे बिजनेस के रूप में मुनाफा कमाने का एक जरिया हैं। यह पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होते हैं।

वैसे तरह-तरह के थैले बाजार में उपलब्ध है लेकिन लोग केवल अपनी सहूलियत देखते है। थैला लेकर बाजार ही नहीं जाते, जिसके कारण दुकानदार उसे पॉलीथिन में ही सामान देते हैं, जबकि लोगों के साथ व्यापारियों को भी इसके प्रति जागरुक होने की आवश्यकता है।

### शहर से कचरा पेटी गायब

नगर में एक ओर नगर पालिका लगातार सफाई को लेकर लोगों को जागरूक कर रही है। वहीं कई ऐसे के लोग हैं जो कचरा को खुले में फेंक रहे हैं। शहर में प्रमुख चौक-चौराहों, बस्ती, गली, मंदिर के आसपास, सहित सार्वजनिक भवन और बाजार एवं बस स्टैंड में अब कचरा पेटी गायब हो चुके है। बड़ी दुकानों के आसपास कचरा पेटी होना ही चाहिए, ताकि कचरा को एकत्रित किया जा सके।

# धर्मांतरण को लेकर जगन्नाथ सेना का गठन: पुरंदर

## लोगों को बरगलाए जाने का सिलसिला खत्म करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना विधानसभा के



दावेदार रहे पुरंदर मिश्रा गुरुवार को जिले के प्रवास पर रहे। अब वे रायपुर उत्तर से छत्तीसगढ़ शासन में विधायक की भूमिका में है। मिश्रा ने आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि आज जिले में विभिन्न बैठकों में शामिल होने के साथ यहां की जनता का आभार प्रदर्शन करने पहुंचा हूं। क्योंकि, जिले के बसना विधानसभा में मेरी राजनीतिक नींव रही। इसकी बदौलत ही रायपुर उत्तर में भगवान जगन्नाथ और राजधानी की जनता ने सेवा का अवसर दिया।

### जगन्नाथ सेना करेगी धर्मांतरण का विरोध

धर्मांतरण के मुद्दे पर मिश्रा ने कहा है कि लोगों को बरगलाया जा रहा है। सनातनी नही चाहते कन्वर्ट होना। लेकिन, सभा में श्रोता के तौर पर भी शामिल होने वालों को धर्म परिवर्तित किए जाने की बात फैलाई जा रही है। प्रार्थना सभाएं घरों में हो रही है जिसका विरोध जगन्नाथ सेना करेगी। वर्तमान में रायपुर से सेना की गतिविधियां शुरु हो गई है। आगामी दिनों में महासमुंद सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी प्रत्येक रविवार को लोगों के चरण धोकर घर वापसी और धर्मांतरण जैसे कार्यों को रोकने का कार्य किया जाएगा।

### युक्तियुक्तकरण से कांग्रेस की दुकानदारी समाप्त की

युक्तियुक्त करण को लेकर पुरंदर ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्थानांतरण को एक व्यापार बना रखा था। अपने चहेतों को स्कूल और शहर के नजदीक रखा। इससे दूरस्थ अंचल के छात्र शिक्षक और शिक्षा से दूर हो गए। वर्तमान में प्रदेश में शिक्षक विहीन शाला नही है और प्रदेश सरकार द्वारा एक ही कैंपस में संचालित स्कूलों को मर्ज किया है। सरकार बेहतर कार्य कर रही है।

### गरीबों के छत की घोषणा के बाद ही मुख्यमंत्री ने किया गृह प्रवेश

मुख्यमंत्री द्वारा 18 लाख परिवारों को घर दिए जाने की घोषणा के बाद ही गृह प्रवेश किया वहीं बहनों के लिए महतारी वंदन, 2 साल का बोनस सहित किसानों के लिए 3100 रुपए धान का मूल्य देते हुए सुशासन की ओर बढ़ रहे हैं।

# हरनादादर में पंडवानी कार्यक्रम के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर के गौठान के पास हो रहे पंडवानी कार्यक्रम के दौरान मारपीट की घटना में रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी डिगेश पटेल ने बताया कि वह 5 अगस्त की रात गांव के गौठान के पास आयोजित पंडवानी कार्यक्रम में गया था। इसी दौरान आरोपी चुलेश गाडा ने उसके पास आकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुएअपने हाथ में पहने चूड़ा से सिर में मारा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# खाद संकट और कालाबाज़ारी को लेकर किसानों ने किया कृषि विभाग का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के सोसायटियों में खाद की भारी कमी और कालाबाजारी के विरोध में विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और कार्यकर्ताओं ने कृषि विभाग, सरायपाली का घेराव कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने किसानों को हो रही समस्याओं की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए ज़िम्मेदार अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को शीघ्र पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, खाद की कालाबाज़ारी में लिप्त व्यक्तियों व दुकानदारों तथा दोषी अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि किसानों की समस्याओं को नज़रअंदाज़ करने वाली किसी भी व्यवस्था को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस किसानों की हक और अधिकार की लड़ाई हर मोर्चे पर मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। विधायक नंद ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से किसानों की परेशानियां बढ़नी शुरू हो गई है। प्रदेश के किसान पंजीयन से लेकर धान बेचने चक्कर काटने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अभी प्रदेशभर के सोसायटियों में खाद की कमी बनी हुई है जिससे किसान खेती किसानी कार्य में पिछड़ रहे है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सभा को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत लाल पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, तेजराम पटेल, कमल अग्रवाल सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था के कारण किसान लगातार शोषण का शिकार हो रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य सुमित्रा भोई, केशव चौधरी, विधायक प्रतिनिधिगण घसिया सिदार, रमेश पटेल, बिरांची बेताल, भरत मेश्राम, दीपक साहू, तन्मय पंडा, अरमान हुसैन, दया राम चौहान, एनएसयूआई अध्यक्ष भीष्मदेव पटेल,पार्षद रमीज रजा, रतन बंजारे, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, तिरिथ मानिकपुरी, सरिता प्रधान, चित्रसेन बीसी, श्रवण पटेल, लीलाकांत पटेल, कमल अग्रवाल, परमानंद नायक, सुरेश पटेल, रूपानंद पटेल, राजेश पटेल, संतोष पटेल, निर्मल प्रधान, सुशील प्रधान, महेंद्र महापात्र, टेंगनू महापात्र, कन्हैया चौधरी, पद्मलोचन पटेल, दुर्योधन चौहान, अनस खान, अनिता चौहान, नरेश पटेल, नीलांचल भोई, कमल पटेल, विनोद दीवान, अनिल पटेल, जावेद खान, विजय यादव, नरेंद्र यादव, अजय यादव, पिंगल गार्डिया, वाल्मीकि मेहर, विश्वनाथ नायक, दूधनाथ साहू, गिरवर वारे, विष्णु दास, हेमचरण चौधरी, परशु चौहान, प्रमोद ग्वाल, गोपाल अग्रवाल, गोलू पटेल, घनश्याम साहू, मधु भोई, किशन भोई, संजय प्रधान, नीलमणि, अजय जगत, फार्म पटेल, सत्या भोई, पूरन पटेल, पुरुषोत्तम साहू, विक्की वैष्णव, निर्मल बढ़ई, भगत राम पटेल, मुकेश तांडी, प्रभात पटेल, विनय भोई, विनय पटेल, निलेश तिवारी, केशव अग्रवाल, भंवर भोई, बिहारी पटेल, दिलीप साहू, भोजराज बारीक, चूड़ामणि चौधरी, ईश्वर भारद्वाज सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सीएम साय ने भगवान से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# महारुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा पवित्र सावन माह में कराए जा रहे एक माह के महारुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ।

सीएम साय ने पूजा-अर्चना कर भगवान से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं वरिष्ठ नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पश्चात मुख्यमंत्री पूजा स्थल पहुंचे। जहां पुरोहितों ने उनका तिलक लगाकर मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया। मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन पश्चात मंत्रोच्चार के साथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया। इसके बाद मुख्यमंत्री साय ने हवन पूजन में आहूति दी। पूजा स्थल में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा और शिवलिंग का भी पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा विगत 10 वर्षों से यह रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन करवाया जाता है। भगवान महादेव की पूजा अर्चना का पुण्यलाभ सभी को प्राप्त हो रहा है।



### यह रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, बंटी शर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, मुन्ना साहू, राकेश चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, एम आर विश्वनाथन, पवन पटेल, हरवंश सिंह, मनीष शर्मा, मीना वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, सुनीता देवांगन, शुभ्रा शर्मा, पीयूष साहू , पप्पू ठाकुर, सोनाधार सोनवानी, नंदू जलक्षत्री, दिनेश रूपरेला, आनंद साहू, अमन वर्मा, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, गुड्डा सिन्हा, महेंद्र सिक्का, रामेश्वर पटवा, शरद राव सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नगर के नागरिक उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**



## विभिन्न मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला इकाई महासमुंद द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया। यदि 15 अगस्त 2025 तक सरकार की ओर से इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 18 अगस्त 2025 से प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं कलमबंद हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संघ ने आपातकालीन सेवाओं को भी इस बार पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है। एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, 3ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27% प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, 8मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, 9 स्थानांतरण नीति, 10 न्यूनतम 10 लाख कैशलेस चिकित्सा बीमा शामिल है। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे ने दी है।



## कांपा में विश्व स्तन पान सप्ताह मनाया गया

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा में विश्व स्तन पान सप्ताह मनाया गया। स्तनपान सप्ताह के दौरान सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। सुपोषण चौपाल के अंतर्गत तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। किरण निर्मलकर, प्रभा निर्मलकर, माया साहू की गोदभराई की गई। कार्यकर्ता ने आँगनबाड़ी के योजनाओं के बारे में जानकारी दी व स्तनपान के बारे में बताई की मां की पहले दूध में कोलेस्ट्रम पाई जाती है, जो बच्चे को विभिन्न बीमारी से बचाती है। जन्म के तुरंत बाद बच्चे को दूध पिलाना चाहिए। इस दौरान अहिल्या साहू, कुलेश्वरी साहू टोमीन साहू, रुक्मिणी, रितु, सूर्यमुखी, गीता साहू, दुर्गेश्वरी साहू, नीरा साहू, सीमा बांधे, मीना साहू आदि मौजूद रहे।

## कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक बने हरिवल्लभ

**कोमाखान।** छग तृतीय वर्ग



शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने संघ के संविधान अंतर्गत हरिवल्लभ शर्मा (पूर्व प्रांतीय सचिव) स्वास्थ्य विभाग बागबाहरा बोड़ीदादर (कोमाखान) निवासी को संघ का प्रांतीय संरक्षक पद पर नियुक्त किया है। शर्मा की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी (तृवर्ग कर्म संघ) आरके सिंह (बागबाहरा), भुलऊ राम साहू (पेंशनर संघ संरक्षक), आरके बुनकर, भीम सेन चंद्राकर, श्याम लाल चौधरी (सरायपाली), राजेश नायक (प्रा स्वा संयोजक) भैयाराम चंद्राकर, एम चौधरी, राजू चंद्राकर, रश्मि यादव, दिलीप मारकंडे, रुपेश पटेल के अलावा महासमुंद, बागबाहरा के कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**आक्रोश :** कई माह से लंबित भुगतान की अनुमति नहीं मिलने से आक्रोश

# वन प्रबंधन समिति का सामूहिक इस्तीफा अधिकारी के व्यवहार पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा



वन प्रबंधन समिति गोंड़बहाल के सदस्यों ने विगत कई माह से लंबित भुगतान की अनुमति नहीं मिलने एवं वन विभाग के अधिकारियों के व्यवहार से क्षुब्ध होकर सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। समिति के सदस्यों ने अपना सील, रजिस्टर और सभी अभिलेख वन विभाग को सुपुर्द करते हुए यह स्पष्ट किया है कि अब जंगल की सुरक्षा और अवैध कटाई व अतिक्रमण की जिम्मेदारी पूरी तरह वन विभाग की होगी।

ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि समिति के अध्यक्ष जयराम वर्मा एवं सदस्य आत्माराम सेन को ग्रामसभा के निर्णयानुसार भुगतान संबंधी ज्ञापन सौंपने के लिए अधिकृत किया गया था। परंतु, जब वे ज्ञापन देने वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंचे, तो संबंधित अधिकारी ने न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि थाना प्रभारी को बुलाता हूँ कहकर डराने की कोशिश की। साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों को ज्ञापन लेने से भी मना कर दिया गया। ज्ञापन में उल्लिखित था कि 1 लाख 36 हजार, चौकीदार सानू यादव एवं रायसिंग यादव के मार्च, अप्रैल, जून 2025 माह के वेतन भुगतान,4लाख समिति सदस्यों को ऋण प्रदान करने हेतु प्रस्तावित राशि,12,750 क्राफ्टेड आंवला पौध (510 नग) क्रय,12 हजार ट्रैक्टर जोलाई (नेपियर घास) रोपण कार्य,39,608 रुपये चौकीदार शेड निर्माण हेतु सामग्री ईंट, सीमेंट, छड़, पाइप, रेत, भाड़ा, 27,400 रुपये मजदूरी भुगतान, मिस्त्री, लेबर, घास रोपण और बाउंड्री मरम्मत कार्य आदि।

गौरतलब है कि गोंड़बहाल की वन प्रबंधन समिति की स्थापना वर्ष 1995-96 में हुई थी। तब से लेकर अब तक समिति ने जंगल में आग से बचाव, अतिक्रमण रोकने एवं वन सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसके लिए कई बार राज्य स्तर पर समिति को पुरस्कृत भी किया जा चुका है। किंतु, हाल के दिनों में वन विभाग के रवैये से समिति के कार्यकर्ताओं में निराशा और आक्रोश गहराता गया।समिति ने एक सुर में कहा कि,जब हमारे अधिकारों का सम्मान नहीं किया जाएगा, और जंगल की रक्षा करने वालों को ही अपराधी की तरह देखा जाएगा, तो हमारा सेवा में बने रहना व्यर्थ है।इस्तीफे की प्रति वन मंडलाधिकारी महासमुंद एवं उपवनमंडलाधिकारी पिथौरा को भी सौंप दी गई है। अब देखने वाली बात होगी कि वन विभाग इस संवेदनशील मामले पर क्या रुख अपनाता है। वन प्रबंधन समिति के सामूहिक स्थिति के दौरान जयराम वर्मा, साधराम पटेल, कीर्तन सिंह बरिहा, राधेश्याम पटेल, हृदय सिंह, आत्माराम सेन, नरसिंह पटेल, प्रेम सिंह बरिहा, दीनूराम बरिहा, रूप सिंह बरिहा, समारु बरिहा, कार्तिक बरिहा, बलिराम पटेल, सुभाष बरिहा, हंसराम बरिहा, मनोज बरिहा, टीकम सिंह, बोध राम डडसेना सहित ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

> वन प्रबंधन समिति गोड़बहाल को चक्रिय निधि से ऋण प्रदाय 1 करोड़ 35 लाख आय मूलक कार्य दुग्ध डेयरी के लिए 2017-18 एवं 2018-19 में स्वीकृत किया गया था, जिसका मूल धन एवं ब्याज 5 वर्ष में जमा करना था। 07 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी प्रदायित ऋण जमा नहीं हुआ है। समिति अध्यक्ष जय राम वर्मा एवं अन्य के नाम पर 15 लाख रु फ्लाई एक्स ब्रिक्स का ऋण प्रदाय किया गया। ऋण का किस्त जमा नहीं होने के कारण चार लाख रुपये ऋण का आवेदन वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत के कार्यकाल से लंबित रहा है। वर्तमान मे नये ऋण के लिए प्रकिया का पालन करने निर्देश दिया गया था । बदसलूकी का आरोप बेबुनियाद है।
>
> **- सालिक राम डड़सेना,**
> प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी, पिथौरा

## झालपाली स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भंवरपुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत माधोपाली के आश्रित ग्राम झालपाली के प्राथमिक शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देशी किस्म के फलदार पौधों का रोपण मुख्य अतिथि मोंगरा किशन पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता देवकी पुरूषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिला पंचायत, लोकनाथ बारी सभापति जिला पंचायत एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में दंडधर साव मंडल अध्यक्ष केदवा, उर्मिला निलाम्बर बरिहा सरपंच ग्राम पंचायत माधोपाली, कृषि शाख समिति अध्यक्ष उत्तर निषाद, कृषि शाख समिति अध्यक्ष बनित सिदार,सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष मंडल भंवरपुर, सभापति जप सराईपाली पटेल उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने उद्बबोधन में कहा कि यह अंचल अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य ग्राम है, जहां शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

यही कारण है कि आमजनों में जनजागरुकता लाने के लिए इस दुरस्त अंचल के शाला को चूना गया है। यहां के समस्याओं का समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल केदुवा के वरिष्ठ पदाधिकारी जागेश्वर चंद्रा, मनबोद मिरी, प्रधान पाठक, शिक्षक शिक्षिका के साथ ही शाला विकास समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नरतोरा में तेंदूपत्ता हितग्राहियों को बांटे चरण पादुका



**झलप।** कार्यालय प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी फड नरतोरा के हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण कार्यालय ग्राम पंचायत नरतोरा में किया गया। प्रमुख रूप से सरपंच जीतराम पटेल, उपसरपंच राजू दीवान, मीना दीवान पंच, ओमप्रकाश यादव पंच, फड मुंशी पदुम, हितग्राही शिव मधुकर, तेजू यादव, टेकराम मन्नाडे, चेतन पटेल, हृदय यादव, पकलू पटेल, यादराम पटेल आदि हितग्राही को चरण पादुका का वितरण किया गया।

# राखी पर्व की रौनक से गुलजार हुआ झलप बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर झलप में बाजार पूरी तरह से सज-धज कर तैयार हो चुका है। त्योहार में अभी दो दिन बाकी हैं, लेकिन बहनों की खरीदारी ने बाजार की रौनक अभी से बढ़ा दी है। भाई की कलाई पर सबसे सुंदर राखी बांधने की तैयारी में जुटी बहनों की भीड़ ने झलप की मुख्य बाजारों को जीवंत कर दिया है। छिलपावन चौक और झलप मेन मार्केट में राखियों की दर्जनों दुकानें सज चुकी हैं, जहां पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिज़ाइन तक की सभी प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग की पसंद को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों ने



अपनी दुकानें तैयार की हैं। भीड़ का सबसे ज्यादा दबाव इन दिनों छिलपावन चौक में देखा जा रहा है। यह चौक झलप और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का प्रमुख बाज़ारिक केंद्र होने के कारण स्वाभाविक रूप से अधिक भीड़ खींच रहा है। इस स्थिति को देखते हुए दुकानदारों और आम नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि चौक क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि आने-जाने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर झलप की सड़कों में उमड़ी यह भीड़ न केवल बाजार को जीवंत बनाए हुए है, बल्कि पारंपरिक त्योहारों के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह को भी दर्शा रही है।

# अघरिया महिला मंडली ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

महिला मंडली एवं महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में घटेश्वरी मंदिर परिसर में सावन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के अद्वितीय संगम के रूप में हुआ।

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा किशन पटेल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सदस्य, मानवाधिकार सुरक्षा आयोग अनिता चौधरी ने की। विशेष अतिथियों में जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जिपं सदस्य बालमति रेशम पटेल एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सीता अमृता पटेल शामिल थीं। कार्यक्रम को योजनाबद्ध करने में उर्मिला चौधरी, सीमा चौधरी एवं अनिता चौधरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन तारेश्वरी नायक एवं मिथिला पटेल द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। मुख्य पुरोहित कमल त्रिपाठी व अन्य 11 विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत रुद्राभिषेक, भस्म आरती एवं पूजा संपन्न कराई गई। मुख्य आकर्षण में भजन, पारंपरिक सावन नृत्य, शिवलिंग निर्माण, मेहंदी, सोलह श्रृंगार, धार्मिक प्रश्नोत्तरी, सावन



सुंदरी प्रतियोगिता व झूला सजावट जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। लगभग 500 महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

**प्रतियोगिता विजेता इस प्रकार रहे:**सावन सुंदरी सुशीला चौधरी, भजन प्रतियोगिता में प्रथम सरिता साहू, द्वितीय सीता सतपथी, नृत्य में प्रथम सुशीला, द्वितीय – गंगा, शिवलिंग निर्माण में प्रथम गौरी बग्गा, द्वितीय सुबलया साहू, मेहंदी में प्रथम सुशीला, द्वितीय सीमा चौधरी, सोलह श्रृंगार में प्रथम गंगा, द्वितीय सीमा, धार्मिक प्रश्नोत्तरी में प्रथम गंगा, द्वितीय गौरी बग्गा रही। निर्णायक मंडल में अनीता रात्रे, सरिता साहू, शांति मिश्रा, अनुपमा मांझी, विमला नायक, सीता सतपथी, सविता बर्मन एवं बिलेश पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्मिनी गजपति पटेल, ललिता कांत चौधरी, आरती डिग्रीलाल चौधरी, जनक पटेल, सुशीला पटेल एवं सुनीता चौधरी का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर सीमा चौधरी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अगले वर्ष कार्यक्रम को और भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा की।



## हुलसी ने किया मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ से स्वागत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को महासमुंद के दौरे पर रहे। देर शाम महासमुंद पहुंचने पर उन्होंने स्थानीय विधायक राजू सिन्हा के कार्यालय में आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा वरिष्ठ नेतागण जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, और भाजपा के अन्य पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधिगण ने मुख्यमंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने सावन माह के दौरान पूरे महीने चलने वाले इस रुद्राभिषेक में शामिल होकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री साय ने दूध-जल से भगवान शिव का अभिषेक किया और हवन कर महासमुंद सहित प्रदेश की जनता के लिए खुशहाली की कामना की। इस दौरान महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंटकर कर स्वागत किया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों में शिथिलता लाने के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया, ताकि, क्षेत्र के प्रत्येक गरीब परिवार को आवास योजना का लाभ सुनिश्चित हो सके। साथ ही क्षेत्रों के और अनेक विकास कार्यों के लिए चर्चा की।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

यह विशेष कार्यक्रम 7 अगस्त गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे से मिनी स्टेडियम कॉलेज रोड में आयोजित किया गया। इस अवसर महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष येतराम साहू और चैंबर के वरिष्ठ सदस्य पारस चोपड़ा, अध्यक्ष अभिषेक बाफना, बसंत लूनिया, बद्री नारायण राठी, उपाध्यक्ष-



ताराचंद चांडक, रितेश गोलछा, मेहूल सूचक, कोषाध्यक्ष रवि राठी, सचिव मोहित इसरानी, राहुल चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, सदस्यगण, नागरिक तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों एवं इकाइयों में एक साथ पौधरोपण किया जाएगा, जिससे यह अभियान एक वृहद रूप ले सके और जनसामान्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके। छत्तीसगढ़ चेंबर का यह प्रयास राज्य को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्ताशय की जानकारी सीसीसीआई अध्यक्ष अभिषेक बाफना ने दी है।

## स्तनपान जागरुकता का संदेश आयोजन

**महासमुंद।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत पोषण अभियान को गति देने एवं समुदाय में जागरुकता लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महासमुंद शहरी परियोजना के सेक्टर 01 अंतर्गत यतियतन लाल वार्ड में विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता संदेश दिया गया। इस चौपाल में बड़ी संख्या में हितग्राही महिलाएं, किशोरियां एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। उपस्थित लाभार्थियों को स्तनपान के महत्व की जानकारी दी गई। सेक्टर सुपरवाइजर शीला प्रधान द्वारा बताया गया कि शिशु को जन्म के पहले घंटे के भीतर मां का पहला पीला गाढ़ा दूध पिलाना आवश्यक होता है, जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।



## नुवाखाई छुट्टी की घोषणा पर सीएम का जताया आभार

**महासमुंद।** उत्कल समाज के पारंपरिक पर्व नुवाखाई पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सामाजिक जनों ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। 7 अगस्त को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा कार्यालय में सावन माह में चल रहे भगवान शिवजी की पूजा और महारुद्राभिषेक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उत्कल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मिलकर उत्कल समाज के सबसे प्रमुख त्यौहार नुवाखाई पर्व पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा पर हर्ष व्यक्त जताया। सामाजिकजनों ने मुख्यमंत्री के साथ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और विष्णुदेव साय के मंत्री मंडल का भी आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उत्कल गाड़ा समाज के अध्यक्ष किनारी नायक, सचिव दशरथ महानंद, सोनाधर सोनवानी, हरपाल, कन्हैया नायक आदि मौजूद रहे।

## क्लबपारा में आवारा कुत्तों व सूअरों से लोग परेशान

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा में आवारा कुत्तों और सूअरों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है, जिसकी वजह से वार्डवासियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है तथा वार्ड में गंदगी हो रही है। इस मुद्दे को लेकर वार्ड पार्षद पीयूष अमृत साहू ने यह मुद्दा परिषद की बैठक में रखा तथा अध्यक्ष व सीएमओ से इसके निवारण करने का आग्रह किया। आए दिन कुत्तों का भौंकना राहगीरों पर तथा वार्डवासियों पर चालू रहता है, जिसे लोग डर के मारे अपने बच्चों को घर के बाहर खेलने के लिए नहीं भेज रहे है। आवारा कुत्तों के आतंक से अनहोनी घटना होने की आशंका बनी रहती है। यही हाल सूअरों और बिल्लियों के झुंडों का है जो आए दिन वार्ड में घूमघूम कर गंदगी फ़ैला रहे हैं। पार्षद साहू ने अध्यक्ष व सीएमओ से इस मुद्दे पर गहन चर्चा की।

# मोर तिरंगा, मोर अभिमान के तहत भाजपा कार्यालय में तिरंगा यात्रा को लेकर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद द्वारा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा एवं मोर तिरंगा, मोर अभिमान अभियान को सफलतापूर्वक संचालन के लिए भाजपा जिला कार्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिलेभर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मंडल टीमों ने भाग लिया और तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव थे।

कार्यशाला में प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने रखा एवं प्रस्तावना में कहा कि महासमुंद जिले के प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराना है। हर घर तिरंगे जिले के नागरिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में देश पर हुए आतंकी हमलों में शहीद सैनिकों के शौर्य को नमन करते हुए यह तिरंगा यात्रा उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ तिरंगा बांटना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को हर नागरिक के मन में प्रज्वलित करना है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 15 अगस्त को भारत की आजादी का 79वां वर्ष मनाया जाएगा और ऐसे समय में भाजपा देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने के नाते हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव को जन-जन तक पहुंचाने जा रही है। तिरंगा हमारा आत्मगौरव है, राष्ट्र का स्वाभिमान है। मोर तिरंगा, मोर अभिमान केवल एक नारा नहीं, यह हर भारतीय के हृदय की



आवाज है। हर मंडल, हर गांव, हर गली तक यह संदेश पहुंचे कि भारतवासी अपने तिरंगे पर गर्व करते हैं। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे इस अभियान को जनआंदोलन में बदलें। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना का जागरण है। जब हर घर पर तिरंगा लहराएगा, तभी स्वतंत्रता की भावना सजीव होगी। भाजपा का यह अभियान भारत माता के सम्मान और अखंडता को सशक्त करने वाला है। हम सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि तन, मन और समय देकर इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महिला आयोग सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जिला पंचायत सदस्य भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक द्वय रामलाल चौहान व त्रिलोचन पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तरसिंह नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला से पूर्व रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा का भाजपा जिला महासमुंद के कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा संगठन की सक्रियता की सराहना की। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने किया एवं समापन पर विपिन उपोबेजा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाजपा जिला महासमुंद के समस्त 20 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्रीगण, मंडल स्तर की तिरंगा यात्रा टीमें तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### शहीदों की याद में राखी बांधने के किया प्रेरित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में रक्षाबंधन पर अमर वीर शहीदों की याद में राखी बांधने संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने प्रेरित करते हुए कहा कि धरती के नाम से जानी जाती हैं। सीकर, झुंझुनू और चुरू के शूरवीरों की कहानी युवाओं को सेना में जाने जज्बा देती हैं। वीरों की इस सरजमीं में परिवार का एक सदस्य सेना में जाकर देश सेवा जरूर करता हैं। सीमा पर दुश्मनों से लड़ते हुए यहां के कई वीर शहीद हुए हैं। भारत देश में बने शहीद स्मारक कई जगह बना हुआ है। उनके शौर्य की कहानी को बयां करते हैं। देश में बेटे व भाई को खोने का गम परिवार की आंखों में आज भी देखा जा सकता है। रक्षाबंधन का त्यौहार के समय अपनों की याद में आंखें झलक जाते हैं। आज राखी पर भाई को याद करते हुए शहीदों की बहनों ने अपने ही भाई की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। उनकी वीरता पर गर्व हैं। राखी का उन्हें इंतजार रहता था कि सरहद से भाई आकर और कलाई पर राखी बंधवाएगा।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 2 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत पानी में डूबने से मृत्यु होने पर ग्राम चिंगरौद की मृतिका क्षमा साहू के पिता राधे साहू के लिए तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम जलपुर के मृतक जलधर चौहान की पत्नी गीता चौहान के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### दो लाख एवं 50 हजार सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिजन एवं घायल को हुए घोर अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दो लाख 50 हजार रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 तुमगांव रायपुर बाईपास से तुमगांव ओवरब्रिज के मध्य टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में महासमुंद निवासी सुरेश साहू की मृत्यु हो गई थी।

# सांसद रूपकुमारी की पहल पर दो सड़क परियोजनाएं स्वीकृत

## महासमुंद संसदीय क्षेत्र के धमतरी और गरियाबंद जिले में होंगे अहम विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों में अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। सांसद रूपकुमारी चौधरी के अथक प्रयासों और सक्रिय पहल के फलस्वरूप कुरूद बायपास मार्ग तथा कोमाखान से गरियाबंद तक 74 किमी सड़क उन्नयन परियोजनाओं को नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इस संबंध में सांसद चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट की, जहां उन्होंने न केवल इन परियोजनाओं पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास, सड़क सुरक्षा, भविष्य की अधोसंरचना योजनाओं और जनसमस्याओं से संबंधित विविध विषयों पर भी गंभीर विमर्श किया। इस मुलाकात के दौरान मंत्री गडकरी ने और अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति और धनराशि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए सांसद चौधरी को महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही सांसद चौधरी को अपने अनुभव साझा करते हुए जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

### स्वीकृत प्रमुख परियोजनाएं

कुरूद बायपास (6.00 किमी I 104.35 करोड़ रुपए। यह प्रस्तावित 4-लेन मार्ग रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 को रायपुर–विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा। भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगेगी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। यह बायपास क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय यातायात के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।



### कोमाखान–गरियाबंद सड़क उन्नयन 74 किमी

यह मार्ग विशेष रूप से गरियाबंद जिले के जनजातीय समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस सड़क के उन्नयन से ग्रामीण अंचलों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे जनजातीय समुदाय की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा।

## योजना : प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से बदलेगी तस्वीर

# पिथौरा में मुफ्त बिजली और सोलर प्लांट सब्सिडी का हो रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घरेलू

- **अब 100 यूनिट तक की खपत पर मिलेगी 50 प्रतिशत रियायत**

उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हाफ बिजली बिल योजना में युक्तियुक्त संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत रियायत देने का निर्णय लिया गया है। इससे पिथौरा विद्युत संभाग के करीब 39,738 जरूरतमंद उपभोक्ताओं को पहले की तरह योजना का लाभ मिलता रहेगा। इनमें 12,536 बीपीएल परिवार शामिल हैं, जिन्हें पूर्ववत 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी।



### 59 उपभोक्ता पहले से सोलर पर

पिथौरा विद्युत संभाग के 59 उपभोक्ता पहले ही सोलर प्लांट लगाकर न सिर्फ बिजली के बिल से राहत पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। सोलर प्लांट का बीमा भी अब कई कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता वाले सोलर प्लांट 25 वर्षों तक लगातार उत्पादन करने में सक्षम हैं। यह योजना हॉफ बिजली योजना की तुलना में अधिक दीर्घकालिक और लाभकारी सिद्ध हो रही है। उपभोक्ता अब उर्जादाता बनकर स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दे सकते हैं।

### शिविरों का आयोजन ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

पिथौरा, झलप, सांकरा उपसंभागों के सभी वितरण केंद्रों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। आगामी दिनों में पिथौरा संभाग के 42 हाट-बाजारों में भी जन-जागरूकता के लिए शिविर लगाए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी बिजली कार्यालय से संपर्क करें। सोलर प्लांट की स्थापना के बाद सब्सिडी की राशि सीधे उपभोक्ता के खाते में जमा की जाएगी।

# स्काउट-गाइड संघ के पदाधिकारियों ने की प्रशिक्षण केंद्र की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर एक प्रशिक्षण केंद्र की मांग को लेकर स्काउट-गाइड संघ के पदाधिकारियों ने खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव से मुलाकात किए। और भवन के अभाव में हो रही परेशानियों से अवगत कराएं और उन्हें अवगत कराया ककि परेशानियों के साथ साथ यह एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ताकि, स्काउट और गाइड गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकेगा और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सके। भवन उपलब्ध होने से, यह क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए एक केंद्र बन सकता है, जहाँ वे विभिन्न प्रकार की स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।

स्काउटिंग और गाइडिंग युवाओं के लिए एक मूल्यवान अनुभव है, जो उन्हें आत्म-निर्भरता, नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी जैसी महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाता है। एक समर्पित भवन होने से, यह सुनिश्चित होगा कि ये गतिविधियां नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से आयोजित की जा सकेंगे।

बच्चे स्काउट गाइड गतिविधि में भाग लेकर अंचल को नाम गौरवान्वित कर ही रहे है। भवन होने पर सुचारू रूप से गतिविधियां और बेहतरीन हो जाएगा। विधायक द्वारकाधीश यादव ने शीघ्र ही भवन के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल उपाध्यक्ष द्वय देवेश साहू, राजेश सोनी, सचिव शेषनारायण साहू, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर, फिरोज मेमन उपस्थित थे।



### रासेयो के छात्रों ने मनाया व्यास पूजन दिवस

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला संघटक डॉ मालती तिवारी एवं संस्था के प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार के मार्गदर्शन में व्यास पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में गुरु के सिखाए सदमार्ग पर चलने से वह निश्चित सफल होता है। कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक छात्र को माई भारत पोर्टल पर पंजीयन करते हुए सभी गतिविधियों को अपने सोशल मीडिया में प्रसारित करें। साथ ही दीक्षा और स्वयं ऐप के माध्यम से घर में अपने कक्षा के विभिन्न विषयों का अध्यापन कार्य कर सकते हैं। शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी ने छात्रों को बताया कि राष्ट्र सेवा योजना के आदर्श स्वामी विवेकानंद ने हमेशा अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के आदर्शो पर चलकर विश्व पटल पर दिव्यमान हैं। इसलिए आज के युवा भी अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, आदर भाव रखते हुए उनके सिद्धांतों के अनुसार आचरण करेंगे तो निश्चित ही एक सफल जीवन जीने लायक बनेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर सत्र 2025-26 के लिए दल प्रमुख एवं प्रभारियों का भी मनोनयन किया गया। जिसमें शाला के सभी शिक्षक एवं इकाई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के स्कूलों में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शाउमावि दुलारपाली में पालक-शिक्षक मेगा बैठक सह शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वितीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पालक सदस्य पितास्बर साहू द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने की। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर आयोजित इस बैठक में निर्धारित विषय वस्तु घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चे की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा, बस्ता रहित शनिवार, बच्चों के आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज का आयोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे कैसे सफल हों, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं का लाभ, पॉक्सो एक्ट 2012, प्रथम मासिक टेस्ट परिणाम, बच्चों की नियमित उपस्थिति, मोबाइल व डिजिटल प्लेटफार्म का शैक्षणिक उपयोग एवं बच्चों के शैक्षणिक स्तर को ऊँचा उठाने में आ रही समस्याओं एवं उसके समाधान हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इन विषयों को पीपीटी व प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके लिए कक्षानुसार अलग-अलग ग्रुप बनाया गया था। ताकि, सभी पालकों से सहज सरल ढंग से वार्तालाप हो सके। और सभी बच्चों पर ध्यान दिया जा सके। उपरोक्त कार्य को संपन्न करने में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, उपस्थित पालकों सहित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा ग्राम पंचायत दुलारपाली के जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नोडल अधिकारी के रूप में करारोपण अधिकारी बसना पुरुषोत्तम दीवान थे। बैठक के अंत नशामुक्ति के लिए शपथ लिया गया।




# ललितपुर में नशामुक्ति पर शपथ के साथ हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**बसना।** बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में पालक-शिक्षक मेगा बैठक जमदरहा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे के मार्गदर्शन और प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व में हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक के विषय निःशुल्क गणवेश और किताब वितरण, शिक्षक डायरी प्रति दिवस भरने, विद्यार्थी विकास सूचकांक, मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण तथा मीनू अनुसार हो और प्रति दिवस ऐप्स में एंट्री। मासिक पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन कार्य। नेवता भोज, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, जर्जर भवन में शाला संचालन न करने,हर घर तिरंगा कार्यक्रम, सोखता गड्ढा खोदने, नवोदय प्रवेश परीक्षा, दिव्यांग छात्रवृत्ति, समुदाय को विद्यालय से जोड़ने, विद्यालय स्वच्छता, पॉक्सो एक्ट 2012, आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के अंत में नशामुक्ति पर शपथ ली गई। बैठक में ग्राम पंचायत बंडबरी के सरपंच नोनी बाई, एसएमसी अध्यक्ष नेहरूलाल साहू, उपाध्यक्ष खेमकुमारी साहू,प्रेमलाल, गणेशराम, गुणसागर, कायतराम, रामलाल, भीष्मदेव, शिवकुमार, हीरलाल, ओंमबाई, बुधियारिन, महेतरीन, अनिता, पार्वती, रामेश्वरी, सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री आदि उपस्थित थे। बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, विकास खंड स्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे ने प्रसन्नता व्यक्त किए है। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने सभी का आभार व्यक्त किया है



### बिरकोनी कन्या स्कूल में हुई पालक शिक्षक बैठक, पौधरोपण भी किया

**बिरकोनी।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 की शिक्षक पालक प्रथम मेगा बैठक हुई। जिसमें पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पालक शिक्षक बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चे बोलेगा बेझिझक, बच्चों के अकादमिक प्रगति, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, जाति/निवास/आय प्रमाण पत्र, न्यौता भोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी, दीक्षा एप्प, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी विषयों पर पालकों से विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर पालकों के साथ बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं नामांकन, उपस्थिति पर चर्चा भी हुई। वहीं 40 पालक बैठक में शामिल हुए। तत्पश्चात शिक्षक पालकों एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक के द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद हीना ढालेन, संकुल समन्वयक सहदेव ध्रुव, प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी एवं देवचरण साहू, अध्यक्ष गोकुल सोनवानी, उपाध्यक्ष पोषण साहू, शिक्षक शैल सोनवानी, द्रोपदी दीवान, शारदा जोशी, धनेश्वरी प्रजापति, संगीता साहू, मेघा ध्रुव, मुकेश प्रजापति, अनंत ध्रुव, रचना साहू की उपस्थिति रही।

# गोपालपुर में पालक-शिक्षक की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर के सभा भवन में पालक-शिक्षक बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच चक्रधर दीप थे। अध्यक्षता प्राचार्य आरएन प्रधान ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम नागरिक व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्यगण परमानंद यादव (उपसरपंच), कार्तिक राम सिदार, मेलाराम यादव, धरम सिंह, अंजली यादव(अध्यक्ष महिला समिति), रेखा सोनी, रेवती निषाद, एलआर सिन्हा, टीएस ध्रुव, दामोदर यादव एवं जय प्रकाश अवस्थी रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य अतिथियों एवं पालकों के स्वागत में प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर प्रधान द्वारा पालक शिक्षक बैठक की महत्ता पर विस्तार से बताया। शासन के विद्यालयों के लिए विभिन्न योजनाओं के अलावा गोपालपुर के विद्यालय के सभी सुविधाओं के विषय में पालकों को बताया। सुधीर प्रधान द्वारा पालकों को घर के वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सिखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों के अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पे चर्चा, विद्यार्थियों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, नशामुक्त गांव,आदर्श ग्राम, पॉक्सो एक्ट2012 पर पालकों को विस्तार से बताया। प्रधान पाठक माध्यमिक टीएस ध्रुव द्वारा बस्ता रहित शनिवार, समन्वयक राजाराम पटेल द्वारा न्योता भोज, प्रधान पाठक प्राथमिक दामोदर यादव द्वारा दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी, नितिन साहू द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा व कैरियर गाइडेंस पर पालकों को विस्तार से बताया गया। पालकों की तरफ से डमरू साहू एवं अंजली अग्रवाल ने संबोधित किया।मुख्य अतिथि चक्रधर दीप सरपंच ग्राम पंचायत गोपालपुर द्वारा विद्यालय के हर गतिविधियों में भाग लेकर हर संभव विद्यालय एवं छात्रों के विकास में सहयोग करने आश्वस्त किया। अंत में प्राचार्य आर एन प्रधान द्वारा पालकों को अपने बच्चों के नियमित विद्यालय आने और छात्रों के प्रगति के लिए सहयोग का आह्वान किया। मंच संचालन व्याख्याता निराकार पटेल ने किया। कार्यक्रम में खेमराज पटेल, भागवत डड़सेना, मंजू जोशी, हेमकुमारी पटेल, धीरेंद्र भोई, रेवती लाल साहू, सिद्धेश्वरी तिवारी, ममता प्रधान, सरिता भोई, श्वेता ठाकुर, अंजलि पटेल, भोजराज प्रधान, अनीता यादव, जगबंधु यादव सहित सैकड़ों पालक उपस्थित रहे।




PAWAN CONSULTANCY
- MBBS, MS/MD
- BDS, MDS
- BAMS
- BHMS
- BNYS
- BPT
- NURSING
- PARAMEDICAL
- D. PHARMA
- B. PHARMA
- M. PHARMA
- B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
- AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
- ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
- BBA, MBA
- LLB, LLM
- BCA, MCA
- VETERINARY
- B.Lib, M.Lib
- Nursery to Class 12th (All subject)
- All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
- PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION

We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission

Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
- Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
- Education Loan Facility
- On The Spot Admission

Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

## खबर संक्षेप



### पतेरापाली में शिक्षक-पालक सम्मेलन हुआ

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला पतेरापाली में शिक्षक-पालक सम्मेलन एवं द्वितीय त्रैमासिक विद्यालय प्रबंधन समिति (सीएमसी) बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक कमल नारायण यादव ने की। विद्यालय में मेरा पालक–मेरा अभिमान थीम पर सेल्फी जोन का निर्माण किया गया, जहां पालकों ने अपने बच्चों के साथ तस्वीरें लीं। प्रेरक पोस्टर, सजावट और रंगीन वातावरण के माध्यम से उत्सवमय माहौल बना। पालकों को दीक्षा ऐप, ई-जादुई पिटारा एवं एफएलएन मिशन के बारे में जानकारी दी गई और डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अनेक चर्चा बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक कमल नारायण यादव ने सभी उपस्थित पालकों, समिति सदस्यों एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### श्याम स्कूल में छात्र परिषद का गठन

**महासमुंद।** श्याम उमावि में शिक्षण सत्र 2025-26 विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सहभागिता के लिए छात्र परिषद का गठन प्रवीण्यता के आधार पर किया गया। जिसमें छात्र परिषद शाला नायक लिमेश दीवान कक्षा 12वीं, उपाध्यक्ष चंचल उइके, सचिव अंतुमा आसफिया 10वीं, सह सचिव पलक साहू कक्षा 9वी, क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र जगत, हर्षित, चंदानी, अनुशासन प्रभारी तन्नू मनिकपुरी, मीनाक्षी निषाद, दीपेश ध्रुव, सांस्कृतिक प्रभारी हिमांशी वैष्णव, रेश्मी पाल शामिल है। समस्त मनोनित पदाधिकारियों को सफल उत्तरदायित्यों को निर्वाहन करने संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्राधानाचार्य मीना राजपूत, छात्र परिषद प्रभारी मति अग्रीमा अग्रवाल, अमित लामा एवं समस्त शिक्षकों ने किया प्रेरित किया। उक्त जानकारी विद्यालय मिडिया प्रभारी मीना सिंग राजपूत ने दी है।



### निधन

### भोला राम चंद्राकर

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भोला राम चंद्राकर का निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। वे माया राम चंद्राकर के बड़े भाई, रामधन चंद्राकर, हरिशंकर चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, मोहन चंद्राकर के पिता थे। 7 अगस्त को ग्राम खरोरा के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



# पिथौरा के शासकीय महाविद्यालय में हुई पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शासकीय चंद्रपाल डड़सेना महाविद्यालय पिथौरा में एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पत्रकारिता और जनसंचार की बारीकियों से परिचित कराने के लिए एक विशेष इंटरशिप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्षों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंच पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शबनूर सिद्दीकी, हिंदी विभागाध्यक्ष बीएस विशाल, डॉ एसएस तिवारी, डॉ एसएस दीवान, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सीमा अग्रवाल, ग्रंथपाल जितेंद्र पटेल, अतिथि शिक्षक रामकुमार रविदास एवं सुनीता पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार ललित मुखर्जी ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता की मूल अवधारणाओं से परिचित कराते हुए कहा कि किसी भी समाचार की प्रस्तुति में उल्टा पिरामिड सिद्धांत की अहम भूमिका होती है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण जानकारी पहले दी जाती है। उसके बाद क्रमशः विवरण और पृष्ठभूमि को रखा जाता है। उन्होंने समाचार के छह प्रकार कब, कहां, कौन, क्या, क्यों और कैसे की व्याख्या करते हुए बताया कि इन्हीं तत्वों से एक संपूर्ण समाचार की रचना होती है। उन्होंने यह भी बताया कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सच्चाई सामने लाने और जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य भी करती है। संचार और जनसंचार की परिभाषा, उनके माध्यम, और बदलते समय में सोशल मीडिया की भूमिका पर भी उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया।





**जनसंचार की दुनिया से रूबरू हुए कॉलेज के विद्यार्थी**

पत्रकार संतोष गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए जनसंचार के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम कबूतर से लेकर गूगल तक की यात्रा में आ चुके हैं, लेकिन आज भी संदेश का भरोसेमंद और सत्य होना सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने फेक न्यूज़ की पहचान, उसके दुष्परिणाम और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति रिपोर्टर बन चुका है, लेकिन सच्ची पत्रकारिता वही है जो तथ्य, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व के आधार पर की जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया की खबरों की पुष्टि करने, आधिकारिक स्त्रोतों से जानकारी लेने और अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी। गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब भी दिया। पत्रकार गौरव चंद्राकर ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रिपोर्टर सिर्फ खबर नहीं बनाता, वह जनता की आंख और कान होता है। उन्होंने ग्राउंड जीरो रिपोर्टिंग, कैमरा और माइक के साथ फील्ड में जाकर समाचार संकलन करने की चुनौतियों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक रिपोर्टर को खबरों की वास्तविकता की जांच (फैक्ट चेकिंग), स्त्रोत की विश्वसनीयता और आपातकालीन स्थितियों में सूझबूझ के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने लाइव रिपोर्टिंग, ब्रेकिंग न्यूज़ की प्रक्रिया और न्यूज़ रूम की कार्यप्रणाली पर भी रोचक जानकारी दी। इस इंटरशिप कार्यशाला में एमए अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नई जानकारी प्राप्त की और व्यावहारिक अनुभवों से बहुत कुछ सीखा।

## आयोजन: महासमुंद में विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन

# स्तनपान केवल प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, शिशु के संपूर्ण विकास की नींव: देवकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सेजेस महासमुंद में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति देवकी पटेल एवं अध्यक्ष के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण एवं विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवकी पटेल ने कहा कि स्तनपान केवल एक प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह शिशु के सम्पूर्ण मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास की नींव है। माताएं अपने बच्चों को 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं और इसके बाद पोषणयुक्त पूरक आहार देना शुरू करें। इससे बच्चे कुपोषण से दूर रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि जागरूकता शिविर के माध्यम से माताओं को यह बताया जाना आवश्यक है कि शिशुवती माताओं को अपने शिशु को जन्म के पश्चात ही मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम किया जाएगा, जो कि एक अच्छी पहल है। कार्यक्रम में 3 गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक पूरक पोषण आहार का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में महिलाओं और परिजनों को पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव पांडेय मौजूद थे। महासमुंद शहरी परियोजना की अधिकारी शैल नाविक ने कहा कि स्तनपान केवल बच्चे को पोषण नहीं देता, बल्कि मां और शिशु के बीच गहरा भावनात्मक संबंध भी स्थापित करता है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और मां को भी कई बीमारियों से बचाता है। सुपरवाइजर शीला प्रधान एवं ग्रामीण परियोजना की सुपरवाइजर ने बताया कि इस सप्ताह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां जैसे रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित की जाएंगी, जिससे समुदाय में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर विभाग की ओर से पोषण पर आधारित जानकारी दी गई और उपस्थित महिलाओं को स्तनपान एवं शिशु आहार के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।



## महर्षि विद्या मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**महासमुंद।** महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान आज के युग में एक अनूठा प्रयास है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपने भीतर की दिव्यता से जोड़ना है। वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश के आशीर्वाद से यह अभियान 25 अगस्त 2023 को प्रारंभ हुआ। इसका मूल भाव है कि हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा, गुरु परंपरा और महर्षि महेश योगी की ध्यान परंपरा को समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुंचाया जाए। इसी कड़ी में महर्षि विद्या मंदिर मचेवा महासमुंद में सामूहिक सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। महर्षि महेश योगी एवं तपोनिष्ठ वेदविद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के दिव्य आशीर्वाद से यह आध्यात्मिक ज्योति विद्यालयों के माध्यम से समाज के जनमानस तक पहुंच रही है। इस पवित्र अभियान में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। यह हमारी जीवंत गुरु परंपरा की शक्ति को दर्शाता है और विद्यार्थियों को महर्षि परंपरा के मूल जीवन मूल्यों को आत्मसात कराने में सहायक बन रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में गुरु परंपरा पूजन, हेमाद्रि संकल्प, ध्यान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ तथा रामचरितमानस के अंश का गायन श्रद्धा और दिव्यता के वातावरण में हो रहा है। विद्यालय परिसर इन आध्यात्मिक गतिविधियों से नई ऊर्जा, अनुशासन और एकात्मता से ओतप्रोत हो रहा है। इस कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका भीमेश्वरी साहू द्वारा तैयार विद्यार्थियों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस पवित्र अभियान में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। संस्था के प्राचार्य आरके तिवारी ने आव्हान किया कि सभी के समर्पित योगदान और निष्ठा से हम सब मिलकर महर्षि परंपरा की इस पवित्र ज्योति को घर-घर तक पहुंचाएं और समाज को आध्यात्मिक चेतना व वैदिक ज्ञान से आलोकित करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों एवं अन्य सभी का योगदान रहा।

## करणी कृपा पावर प्लांट को तत्काल बंद करने की मांग



**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश में गठित कृषि विभाग जांच टीम द्वारा ऐसे अवैध करणी कृपा पावर प्लांट को भाजपा के सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने तत्काल बंद करने की मांग की है। तुषार ने कहा कि ग्राम खैरझिटी के किसानों द्वारा 05 अगस्त को कलेक्टर को जन दर्शन में करणी कृपा स्टील पावर प्लांट के धुआं से फसलों का नुकसान होने की शिकायत की गई। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाया गया। स्थल पर पंचनामा तैयार किया गया। किसानों ने बताया कि फसल पकने के समय बाली पूरी तरह काला हो जाता है, जिससे सरकारी समितियां में धान खरीदी करने में मना किया जाता है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया वर्तमान में काला डस्ट एक से डेढ़ फीट खेतों में जमा है, जो जांच में सही पाया। शासन प्रशासन नोटिस- नोटिस का खेल खेलना बंद करें और अवैध प्लांट को बंद कर देना चाहिए।

# नगर पंचायत पिथौरा में आवारा गोवंश और सड़क सुरक्षा को लेकर नई मुहिम की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पंचायत पिथौरा ने एक सराहनीय और अभिनव पहल करते हुए आवारा घुमंतू गोवंश की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से नगर क्षेत्र में कुल 45 गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाया गया और 90 गोवंशों को टैग किया गया है ताकि उनकी पहचान और निगरानी आसान हो।

यह अभियान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर चलाई जा रही है, जिसकी सीएमओ बिरजू सोनबर द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के तहत एक विशेष निगरानी दल भी गठित किया गया है, जिसका नेतृत्व नोडल अधिकारी रूपलाल सिन्हा, प्रभारी अधिकारी नितिन सिंह, सफाई दरोगा एवं चार कर्मचारी कर रहे हैं। यह दल मुख्य रूप से बस स्टैंड, गार्डन चौक, बार चौक, लहरौद पड़ाव और रामकुमार राजपूत मार्ग क्षेत्र में प्रभावी निगरानी कर रहा है। रेडियम बेल्ट विशेष रूप से रात्रि समय में वाहनों को गोवंश की उपस्थिति का संकेत देती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट की संभावना है। साथ ही, टैगिंग के ज़रिए गोवंशों की निगरानी और मालिकों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है।

नगर पंचायत ने यह भी फैसला लिया है कि यदि कोई भी गोपालक अपने पशुओं को आवारा अवस्था में सड़क पर छोड़ता है, और वह पशु पकड़ा जाता है, तो गोपालक पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। इस दंडात्मक प्रावधान से पशुपालकों में ज़िम्मेदारी की भावना विकसित होगी। जनता और गौवंश दोनों की सुरक्षा यह पहल केवल गोवंश की ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सड़क पर मवेशियों के अनियंत्रित विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह एक प्रभावी कदम है।



## दाबपाली स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति तथा समग्र विकास पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधान पाठक शिक्षक एवं पालकगण के साथ सरपंच गेस पटेल, हेमसिंग परमार नोडल, फूलकुमार बढ़ई, संकुल समन्वयक गुरुदत्त पटेल ने सहभागिता कर बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार तथा स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी राय एवं सुझाव शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति रिपोर्ट के अलावा मत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा पालकों को नए शैक्षणिक सत्र की योजनाओं, गतिविधियों तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही पालकों से अपील की गई कि वे बच्चों की पढ़ाई में निरंतर रुचि लें। पालकों ने सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से बैठकों में सम्मिलित होने की इच्छा जाहिर की गई।

# हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में नपाध्यक्ष व पार्षदों ने डिवायडरों में किया विद्या पत्ती का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीआईसी बैठक में पारित पूर्व प्रस्ताव अनुसार नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा नगर सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका निखिलकांत साहू की पहल पर एनएच-353 खरोरा से सितली नाला तक तथा नेहरू चौक से रेलवे स्टेशन तक गुरुवार को विद्या पत्ती पौधे का रोपण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा समस्त सभापति गणों व पार्षदों ने पूजा-अर्चना कर पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में मुख्य मार्ग तथा अन्य मार्गों में निर्मित डिवायडरों में विद्या पत्ती के पौधे का रोपण किया जा रहा है। इससे मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी तथा रात में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को वाहनों के तेज रोशनी से राहत मिलेगी। यह पौधा अधिकांशतः घरों में सजावट के रूप में लगाया जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शहर भी हमारा घर जैसा है और यहां के लोग हमारा परिवार है। घर की तरह नगर का ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी है। नगर के प्रमुख मार्गों के डिवायडरों में यह पौधा लगने से शहर में सकारात्मकता का संचार होगा।

इस अवसर पर सभापतिगण ज्योति रिंकू चंद्राकर, जयकुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, सुनैना पप्पू ठाकुर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, नीरज चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार व नगर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






